साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पद हेतु आवेदन आमंत्रित करती है :

पद का नाम	: प्रकाशन सहायक
पदों की संख्या	: एक (अनारक्षित)
पदस्थान	: प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली
वेतनमान	: लेवल 6/35400-112400 (7 सीपीसी) (पे बैंड-II/9300-34800/ग्रेड पे -4200(6 सीपीसी))
आयु सीमा	: 30 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)
नियुक्ति का आधार	: सीधी भर्ती

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ :

अनिवार्य :

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक अथवा समकक्ष योग्यता।
2. मुद्रण में डिप्लोमा अथवा पुस्तक प्रकाशन से संबद्ध मुद्रणालय या प्रकाशन गृह या किसी सरकारी उपक्रम में कार्य करने का पाँच वर्षों का अनुभव।
3. पुस्तक के मुद्रण तथा प्रकाशन की विभिन्न प्रक्रियाओं का ज्ञान।
4. एक या अधिक भारतीय भाषाओं तथा साहित्य संबंधी ज्ञान तथा साहित्यिक कार्यों को करने की क्षमता।
5. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

अनिवार्य योग्यताएँ पूरी करने वाले अभ्यार्थियों के ज्ञान के आकलन के लिए भाग 'अ' : सामान्य अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं भाग 'ब' : प्रकाशन/मुद्रण लिखित परीक्षा का अकादेमी द्वारा निश्चित तिथि एवं समय पर आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दोनों भाग 'अ' व 'ब' को पास करना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र अकादेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर "प्रकाशन सहायक प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली पद हेतु आवेदन" उपरिलिखित होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/10/2020

प्रकाशन तिथि : 21 नवंबर 2020

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 21 दिसंबर 2020